<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 04.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने का किया फैसला, लगभग पौने बारह लाख रेलकर्मियों को मिलेगा लाभ।
2. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह आज भाजपा में होंगे शामिल, कांग्रेस का पहले चरण का चुनावी अभियान आज से शुरू।
3. आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा–हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण नौजवानों को नहीं मिल रहा रोजगार।
4. झारखंड उच्च न्यायालय ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार को प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का दिया निर्देश।
5. रांची में चल रही राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में आज खेले जा रहे हैं पांच मैच।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 लाख 72 हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के बोनस को स्वीकृति दी है। बोनस पर दो हजार उनतीस करोड़ रुपये व्यय होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बोनस का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने धनबाद में कोयला चोरी और पुलिस की मिली–भगत की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने मामले में प्रतिवादी बनाए गए सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी जांच करने का निर्देश दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में कोयले की चोरी हो रही है।
साउंड बाईट – बाबू लाल मरांडी – 21 सेकेंड

श्रीमरांडी ने कोयला चोरी में शामिल अफसरों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की भी मांग की।

****

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पलामू के हुसैनाबाद से विधायक कमलेश कुमार सिंह आज भाजपा में शामिल होंगे। इसे लेकर आज रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। भाजपा के झारखंड चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा उन्हें बीजेपी की सदस्यता दिलायेंगे। बता दें कि विधायक कमलेश सिंह के सरकारी आवास से एनसीपी का पोस्टर बैनर उतार दिया गया है।

****

झारखंड कांग्रेस का प्रथम चरण का चुनावी अभियान आज से शुरू हो गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पहले राज्य के 33 विधानसभा सीटों पर यह अभियान चलेगा।

****

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। श्रीमहतो तमाड़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगा है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में अलग–अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार को प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी का निर्देश दिया

है। महिलाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का स्थानीय टीवी चैनल और अखबारों में विज्ञापन के जरिए प्रचार प्रसार के साथ ही स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने को कहा है। अदालत ने दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों के आसपास अतिरिक्त महिला सुरक्षा बल की नियुक्ति करने और पिंक बसों के संचालन के समय को विस्तार देने का भी निर्देश दिया है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में एक अपराधी की आपसी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पंकज मांझी के रूप में की गई है, जिस पर तीन हत्याकांड में शामिल होने का मामला दर्ज है।

****

लोहरदगा जिला में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

****

शारदीय नवरात्र को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में उत्साह का माहौल है। मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में आज देवी के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आराधना की जा रही है।

वहीं, रामगढ़ के रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में भक्तों की भीड़ जुट रही है।

****

रांची में चल रही राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में आज पांच मैच खेले जा रहे हैं, जिसमें असम और हरियाणा, दिल्ली और छतीसगढ़, बंगाल और ओड़िशा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात और कर्नाटक के बीच मुकाबला है। बता दें कि रांचधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अन्तरराश्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में कई राज्यों की टीमें इस चैंपियनशिप में शामिल हो रही हैं।

****

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात ड्रग पेडलर डॉली परवीन के पुत्र शाहबाज खान उर्फ गुड्डू और आसुमान बीबी नामक महिला को गिरफ्तार किया है।
- हजारीबाग के सदर प्रखंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों और योजनाओं की जानकारी दी गई।
- बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन की मांग को लेकर विस्थापित अप्रेंटिस संघ ने आज अहले सुबह से संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी के आवास का घेराव किया।

****